भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

बी विंग, चतुर्थ तल, एन.डी.सी.सी.-2 भवन,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001
दिनांक: 08 अप्रैल, 2022

कार्यालय ज्ञापन

विषय: केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 43वीं बैठक के आठ चरणों का कार्यवृत।

सचिव, राजभाषा विभाग की अध्यक्षता में केन्द्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 43वीं बैठक के आठ चरणों का आयोजन दिनांक 15 से 18 फरवरी, 2022 को राजभाषा विभाग, नई दिल्ली में किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु सभी मंत्रालय/विभागों के कार्यों की समीक्षा करना है। कॉलिक की 43वीं बैठक में सभी मंत्रालयों/विभागों ने अपनी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की, इस हेतु सभी का अभिनन्दन।

इस समीक्षा बैठक में सभी मंत्रालय/विभागों द्वारा प्रेषित तिमाही प्रगति रिपोर्ट में दी गई सूचनाओं की समीक्षा की गई, कमियों को चिन्हित किया गया, लक्ष्यों में आई कमी पर चर्चा की गई, तथा सुधार हेतु सभी विचारों को साझा किया गया। बैठक के कार्यवृत को राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.nic.in के अद्यतन सूचनाएं लिंक पर देखा जा सकता है।

प्रत्येक मंत्रालय/विभागों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट में पाई गई कमियां, राजभाषा हिंदी के उत्तरोत्तर कार्यान्वयन हेतु दिशा-निर्देश एवं मंत्रालयों/विभागों द्वारा दिए गए आश्वासनों पर 01 माह के अंदर अनुवर्ती कार्रवाई कर राजभाषा विभाग को सूचित करें।

08/04/2022
(बी.एल.मीना)
निदेशक(का.)
दूरभाष: 23438143

संलग्न: यथोपरि

प्रति:-

1. केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति से संबंधित मंत्रालय/विभाग (सूची संलग्न) के संयुक्त सचिव (प्रशा.)
2. राजभाषा विभाग के सभी अधिकारी/अनुभाग/डेस्क।

प्रतिलिपि सूचनार्थ:-

1. सचिव, राजभाषा विभाग के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
2. संयुक्त सचिव(रा.भा) के निजी सचिव।

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

विषय: केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 43वीं बैठक का कार्यवृत्त

राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा के कार्यान्वयन की स्थिति और वार्षिक कार्यक्रम के मदों के अनुपालन की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कॉलिक) की बैठक का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में वर्ष 2020-21 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आधार पर कॉलिक की 43वीं बैठक का आयोजन 15 फरवरी से 18 फरवरी, 2022 के बीच सचिव राजभाषा विभाग, **श्रीमती अंशुली आर्या** की अध्यक्षता में किया गया।

2. 43वीं कॉलिक के प्रथम चरण की बैठक 15 फ़रवरी से 18 फ़रवरी, 2022 को पूर्वाह्न 11.00-1.00 बजे तथा द्वितीय चरण की बैठक अपराह्न 3.00-5.00 बजे सम्मेलन कक्ष, प्रथम तल, एनडीसीसी-2 भवन, जय सिंह रोड, नई दिल्ली में आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि, दिनांक 15 फ़रवरी, 2022 को दोनों चरणों की केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक **वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग** के माध्यम से तथा दिनांक 16 फ़रवरी – 18 फ़रवरी, 2022 की बैठक प्रत्यक्ष रूप में सम्मेलन कक्ष, एन.डी.सी.सी-2 भवन, नई दिल्ली में आयोजित की गई।

3. भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों में राजभाषा के कार्यान्वयन से संबंधित विस्तृत चर्चा के लिए उक्त बैठक में पूर्वाह्न एवं अपराह्न 10-10 मंत्रालयों/विभागों (**सूची अनुलग्नक 'क' पर**) के संयुक्त सचिवों एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। उपस्थित अधिकारियों/कार्मिकों की सूची **अनुलग्नक 'ख'** पर उपलब्ध है।

4. सचिव, राजभाषा विभाग ने बैठक में उपस्थित सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए अपने संबोधन में कहा कि "केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वर्ष में एक बैठक आयोजित की जाती है और इस बैठक का मुख्य उद्देश्य संघ की राजभाषा नीति, राजभाषा संबंधी कानूनी प्रावधानों, संसदीय राजभाषा समिति द्वारा माननीय राष्ट्रपति महोदय को प्रस्तुत सिफारिशों की समीक्षा/आदेश आदि की चर्चा/समीक्षा करना है"। इससे पूर्व सचिव, राजभाषा विभाग की अध्यक्षता में इस प्रकार की 42 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं। सचिव महोदया ने कहा कि गृह मंत्री जी के राजभाषा हिन्दी के संदर्भ में समय-समय पर दिये गए ओजस्वी व्याख्यानों से प्रेरित हो, मंत्रालयों का नेतृत्व कर रहे मंत्रीगण वास्तव में हिंदी प्रेमी होने के साथ-साथ मिसिलों पर हिंदी में कार्य को महत्व दे रहे हैं। अतः हमें हिन्दी में कार्य करने के अभ्यास को बढ़ावा देना है। संविधान के अनुच्छेद 343 तथा 351 को सचिव महोदया द्वारा संदर्भित किया गया।

5. बैठक के प्रत्येक दिन अपने सम्बोधन में सचिव, राजभाषा विभाग ने सभी भाग ले रहे अधिकारियों से विशेष आग्रह किया कि वह कार्यालयी कार्यों हेतु हिंदी के सरल शब्दों एवं वाक्यों का प्रयोग करें जो बोधगम्य हों, क्लिष्ट न हों। सरल भाषा के प्रयोग के संबंध में माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय एवं अन्य माध्यमों से भी राजभाषा विभाग को निदेश प्राप्त होते रहे हैं, उसका उल्लेख भी सचिव महोदया द्वारा किया गया। सभी मंत्रालय दिल्ली में 'क' क्षेत्र में होने पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रालय एवं विभाग अपने अधीनस्थ कार्यालयों के लिए प्रेरणा का स्रोत होने चाहिए और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हिंदी के प्रयोग के संबंध में अपने कनिष्ठ अधिकारियों के लिए उदाहरण बनना चाहिए। साथ ही कार्यालय में प्रोत्साहन योजनाओं, प्रशिक्षण, कार्यशालाओं के माध्यम से निरंतर मार्गदर्शन देना चाहिए।

6. सचिव महोदया द्वारा राजभाषा अधिनियम, नियमों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं विभागों में राजभाषा अधिनियम, 1963 और राजभाषा नियम, 1976 के प्रावधानों के कार्यान्वयन की समीक्षा करने, सरकारी प्रयोजनों के लिए राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की मॉनिटरिंग करने तथा राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों के अनुपालन में पाई गई कमियों को दूर करने हेतु उपाय सुझाने के उद्देश्य से किया गया है। मंत्रालयों/विभागों ने वर्ष 2020-21 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के माध्यम से जो आंकड़े एवं तथ्य राजभाषा विभाग को भेजें हैं, उनकी समीक्षा बैठक में की जाएगी, जिसके उपरांत हम सभी अपनी कमियों को सुधारेंगे और अपने-अपने मंत्रालय में राजभाषा हिंदी के प्रयोग हेतु एक सकारात्मक दृष्टिकोण की ओर अग्रसर होंगे, ऐसी मेरी कामना है, क्योंकि कॉलिक की बैठक ऐसा मंच है जिसके माध्यम से मंत्रालयों/विभागों के उच्च अधिकारियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद से राजभाषा के प्रयोग में आ रही समस्याओं को हम समझ सकते हैं और अपने-अपने सुझाव भी दे सकते हैं।

7. सचिव महोदया ने कहा कि संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम जारी किया जाता है। सभी मंत्रालयों/विभागों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्रवाई करें। इसी क्रम में उन्होंने प्रत्येक मंत्रालय/विभाग की वेबसाइट के पूर्ण द्विभाषीकरण पर ज़ोर दिया और साथ ही यह भी कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में अधिकांश कार्यालय ई-ऑफिस का प्रयोग कर रहे हैं, अतः उस पोर्टल को भी द्विभाषी कार्य हेतु सुलभ बनाया जाए। इसके अतिरिक्त मंत्रालय/विभाग, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिन बैठकों का आयोजन कर रहे हैं, उनमें कार्यालय/विभाग का नाम पृष्ठपट (बैकड्राप) में द्विभाषी रूप में दर्शाया जाए।

8. सचिव महोदया के अध्यक्षीय सम्बोधन के उपरांत, संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा पुनः सभी अधिकारियों का अभिनन्दन किया गया और अपना परिचय देने का अनुरोध किया गया। अपने वक्तव्य में उन्होंने सभी वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध किया कि राजभाषा विभाग द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों का अनुपालन अपने कार्यालयों में सुनिश्चित करवाएं और राजभाषा संबंधी सभी कार्यकलापों में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने की ओर विशेष ध्यान दें। संयुक्त सचिव महोदया ने, क्रमवार राजभाषा हिंदी के अनुपालन से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं को बताते हुए कहा कि वार्षिक कार्यक्रम का अनुपालन अपने-अपने मंत्रालय /विभाग में सुनिश्चित तो करें ही, साथ ही हिंदी के प्रयोग में उत्तरोतर वृद्धि के लिए भी निरंतर प्रयास करें। अपने-अपने मंत्रालय/विभाग में प्रकाशित पत्रिकाओं, पुस्तकों, विशेष सूचनापत्र से राजभाषा विभाग को अवगत कराएं। उन्होंने कहा, समय-समय पर राजभाषा सम्मेलनों, प्रतियोगिताओं का आयोजन विभाग द्वारा किया जाता है, उसी तरह मंत्रालय भी अपने और अधीनस्थ कार्यालयों में ऐसी योजनाओं, कार्यक्रमों, सम्मेलनों की शुरुआत करें और राजभाषा विभाग को सूचित करें।

संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ने निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट किया:-

क) केंद्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों के लिए आयोजित हिंदी प्रतियोगिताओं – अनुवाद, लघु फिल्म, कंठस्थ के संबंध में सूचित किया गया और सभी को प्रतियोगिता में भाग लेने और अपनी प्रविष्टियाँ समय से भिजवाने को कहा गया।

ख) सभी मंत्रालयों/विभागों को अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलनों की सूचना प्राप्त होते ही अपने विभाग/कार्यालय स्तर पर प्रभावोत्पादक प्रसारण करने और राजभाषा से जुड़े अधिकारियों का अनिवार्य नामांकन समय से विभाग को भिजवाने पर बल दिया गया।

ग) सभी मंत्रालयों को सलाहकार समिति की वर्ष में दो बैठकें आयोजित करने के निदेश दिये गए।

घ) सभी मंत्रालयों/विभागों से उनके द्वारा राजभाषा हिंदी के संबंध में आयोजित विशेष कार्यक्रमों की सूचना राजभाषा विभाग को अवगत कराने को कहा गया और राजभाषा विभाग के अधिकारियों द्वारा उन कार्यक्रमों में सकारात्मक भागीदारी की बात कही गई।

ङ) कॉलिक की बैठकों में संयुक्त सचिव अथवा समकक्ष अधिकारी की अनिवार्य उपस्थिति की बात कही गई।

सभी प्रतिभागियों के परिचय एवं मुख्य बिन्दुओं के साझा किए जाने के उपरांत संयुक्त सचिव, महोदया ने निदेशक (कार्यान्वयन) को बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए बारी-बारी से सभी मंत्रालयों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग की स्थिति की समीक्षा मंत्रालयों/विभागों की पीपीटी के माध्यम से करने को कहा।

9. राजभाषा विभाग के निदेशक (कार्यान्वयन) द्वारा पॉवर प्वांइट प्रस्तुतीकरण दिया गया और मंत्रालयों/विभागों से की जा रही अपेक्षाओं का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि राजभाषा अधिनियम, 1963 की धारा 3(3) के अंतर्गत जारी किए जाने वाले 14 दस्तावेज अनिवार्यत: द्विभाषी जारी किए जाने अपेक्षित हैं। साथ ही, राजभाषा नियम 1976 के नियम 5 के अंतर्गत हिंदी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्यत: हिंदी में दिए जाने अपेक्षित हैं, जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

10. उन्होंने इस बात पर सभी प्रतिभागियों का ध्यान विशेष रुप से आकृष्ट किया कि यदि कोई कार्यालय धारा 3(3) का अनुपालन नहीं करता है तो वह राजभाषा विभाग की ओर से दिए जाने वाले राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर के पुरस्कारों के मूल्यांकन से पूर्णत: वंचित हो जाता है। साथ ही, यदि कार्यालय राजभाषा नियम, 1976 के नियम 5 का अनुपालन नहीं करता है तो पुरस्कारों के मूल्यांकन के समय उसके 10 नंबर काट लिए जाते हैं जिससे वह पुरस्कारों की श्रेणी से लगभग बाहर हो जाता है अथवा दूसरे कार्यालयों के मुकाबले, राजभाषा पुरस्कार प्राप्त करने में, उसका स्थान नीचे हो जाता है।

11. (i) निदेशक (कार्यान्वयन) ने निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट किया:-

क) वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रयास किया जाना चाहिए।

ख) अंग्रेजी वेबसाइट और हिंदी वेबसाइट का साथ-साथ अद्यतन किया जाना अनिवार्य है।

ग) वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मूल रुप से हिंदी में कार्य को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, जिससे कनिष्ठ अधिकारी उदाहरण ले सकें।

घ) अभ्यास आधारित कार्यशालाओं का नियमित आयोजन किया जाना चाहिए

ङ) प्रशिक्षण के लिए शेष अधिकारियों/कार्मिकों को यथाशीघ्र प्रशिक्षित करवा देना चाहिए, क्योंकि हिंदी शिक्षण योजना द्वारा 2025 तक सभी को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिन्हें इन प्रशिक्षणों में नामित किया जाता है, उन्हें प्रशिक्षण हेतु कार्यमुक्त अनिवार्य रूप से करें।

च) जिन मंत्रालयों/विभागों में हिंदी सलाहकार समिति गठित नहीं की गई है,वहां शीघ्र गठन/पुनर्गठन आवश्यक है ताकि इसकी नियमित बैठकें आयोजित की जा सकें।

छ) सभी कंप्यूटरों में द्विभाषी कार्य करने की सुविधा उपलब्ध हो ताकि कार्मिकों को हिंदी में काम करने में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कंप्यूटरों में इनबिल्ट द्विभाषी सुविधा पहले से ही उपलब्ध है, केवल उन्हें यूनिकोड समर्थित करने की आवश्यकता है।

ज) अपने-अपने कार्यालयों में विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समितियों की बैठकों का प्रत्येक तिमाही में नियमित आयोजन किया जाना चाहिए।

झ) हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन भी नियमित रूप से कराया जाना चाहिए।

(ii) निदेशक (कार्यान्वयन) द्वारा विशेष रूप से सभी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा गया कि ऑनलाइन तिमाही प्रगति रिपोर्ट निर्धारित समय सीमा अर्थात एक महीने के अंदर प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के 30 दिनों के भीतर सही ढंग से, विभागाध्यक्ष से हस्ताक्षरित, प्रमाण-पत्र एवं मुहर सहित अपलोड करवाना सुनिश्चित करें। उप निदेशक (तकनीकी) द्वारा निदेशक महोदया के तिमाही प्रगति रिपोर्ट के समय से और सही भरे जाने की बात को सविस्तार समझाया गया कि मंत्रालय/विभाग की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की सामायिकता और विशुद्धता के आधार पर उनके कार्य का मूल्यांकन किया जाता है। तिमाही प्रगति रिपोर्ट, कार्यालय में राजभाषा के कार्यों को परिलक्षित करती है। इस रिपोर्ट में भरे गए आंकड़े संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली को भरे जाने में सहायक होते हैं और इस रिपोर्ट की विशुद्धत्ता मंत्रालय/विभाग को रिपोर्ट के आंकड़ों के आधार पर 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' प्रदान किए जाने हेतु पात्र बनाता है। अंतिम तिथि से एक महीने (30 दिन) के भीतर यह रिपोर्ट भेजने पर 6 अंक मिलते हैं, 30-60 दिनों के भीतर भेजने पर 3 अंक मिलत हैं और 60 दिनों से अधिक समय पश्चात भेजने पर -6 अंक मिलते हैं, जिसके फलस्वरूप पुरस्कार जीतने की संभावना कम हो जाती है।

12. 43वीं कॉलिक बैठक में सामने आए मुद्दे एवं आदेशों का अनुपालनार्थ सारांश-:

i) हिन्दी प्रगति रिपोर्ट की समयबद्धता और आंकड़ों की परिशुद्धता पर विशेष ध्यान आकृष्ट कराया गया। प्रमुखतः धारा 3(3) और नियम-5 के अनुपालन पर ज़ोर दिया गया।

ii) तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने में आ रही किसी भी प्रकार की समस्या के लिए विभाग के वरिष्ठ तकनीकी सलाहकार श्री केवल कृष्ण से संपर्क किया जाना।

iii) विभाग द्वारा केन्द्रीय राजभाषा सेवा संवर्ग के अधिकारियों हेतु तीन प्रतियोगिताओं के आयोजन की सूचना दी गई:-
   क) अनुवाद प्रतियोगिता
   ख) राजभाषा संबंधी कार्य को प्रेरित करने वाली लघु वीडियो फिल्म प्रतियोगिता।
   ग) 'कंठस्थ' का ग्लोबल डाटा बेस सुदृढ़ करने हेतु प्रतियोगिता।

iv) बनारस में आयोजित अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में विभिन्न मंत्रालयों/विभागों/ कार्यालयों से पधारे अधिकारियों का हार्दिक धन्यवाद किया गया और आने वाले ऐसे सम्मेलनों में मंत्रालयों/विभागों/कार्यालय स्तर पर सूचना का विस्तृत प्रसारण किए जाने के निदेश दिये गए। साथ ही, मंत्रालयों/विभागों/कार्यालय के प्रमुखों से राजभाषा सेवा से जुड़े अधिकारियों को उनके दायित्व का भान करवाते हुए अनिवार्य रूप से समय पर नामांकन कर अनुमति प्रदान किए जाने को कहा गया। राजभाषा के अनुपालन, प्रचार-प्रसार में अग्रसर और महत्वपूर्ण काम कर रहे अन्य इच्छुक अधिकारियों का भी चुनाव कर हिन्दी अधिकारियों के साथ विभागाध्यक्ष द्वारा नामांकित किया जा सकता है, यह सूचना दी गई।

v) हिंदी सलाहकार समिति का गठन एवं वर्ष में दो बैठकें सुनिश्चित किए जाने पर विशेष बल दिया गया।

vi) मंत्रालयों/विभागों में शत प्रतिशत हिंदी में कार्य कर रहे अधिकारियों के नाम राजभाषा विभाग को भेजे जाने को कहा गया। ये नाम दो श्रेणियों में हो सकते हैं :-

क) हिंदी में शत प्रतिशत कार्य करने वाले उप सचिव एवं उच्चतर अधिकारी।

ख) हिंदी में शत प्रतिशत कार्य करने वाले अन्य अधिकारी/कर्मचारी।

इन अधिकारियों/कर्मचारियों के शत प्रतिशत कार्य का औचक निरीक्षण विभाग द्वारा कभी भी किया जा सकता है। अतः नाम पूर्णतः सही एवं विभागाध्यक्ष के प्रमाण-पत्र द्वारा सत्यापित हों, ऐसी सूचना दी गई।

vii) वेबसाइट को पूर्णत: द्विभाषी करने और अंग्रेजी के साथ-साथ हिंदी संस्करण को भी साथ ही साथ अद्यतन किए जाने के आदेश दिये गए। इस संबंध में राजभाषा विभाग का तकनीकी अनुभाग प्रशिक्षण भी दे सकता है।

viii) कंप्यूटर पर यूनिकोड का अनिवार्य प्रयोग और ई-ऑफिस में भी हिंदी के प्रयोग पर ज़ोर दिया गया।

ix) राजभाषा हिन्दी का अल्पज्ञान रखने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों का हिंदी में प्रशिक्षण सुनिश्चित करवाया जाना।

x) हिंदी के कार्य की अधिकता को देखते हुए मंत्रालयों/विभागों को अपने स्तर से कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (DOPT) को पदों के सृजन हेतु प्रस्ताव भेजने को कहा गया। जिसके उपरांत राजभाषा विभाग द्वारा उन पदों को संवर्गित (cadre) किए जाने के अनुरोध पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाने की बात कही गई।

xi) मंत्रालयों /विभागों/कार्यालयों में अनुवाद कार्य में सहयोग देने के आशय से विद्वानों का एक पैनल, जो आवश्यकता अनुसार अपनी सेवाएँ दे सकें, राजभाषा विभाग की वैबसाइट पर उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई।

xii) भविष्य में आयोजित होने वाली कॉलिक की बैठकों में संयुक्त सचिव अथवा समकक्ष स्तर के अधिकारी ही अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। चूंकि, इस बैठक की अध्यक्षता सचिव राजभाषा द्वारा की जाती है और संयुक्त सचिव मंत्रालय/विभाग की कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष होते हैं, अतः बैठक में ज्ञात होने वाली कमियों को अपने नेतृत्व में, राजभाषा नियमों का सुचारू अनुपालन उनके द्वारा सुगमता से किया जा सकता है।

13. इसके उपरांत मंत्रालयों/विभागों के संयुक्त सचिवों/ प्रतिनिधियों के साथ उनके द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान, तिमाही प्रगति रिपोर्ट में प्रस्तुत आंकड़ों तथा उक्त मंत्रालयों/विभागों की वेबसाइट के हिंदी संस्करण की समीक्षा की गई। राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों के संदर्भ में मंत्रालय/विभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर ब्यौरा परिशिष्ट 'क' से 'घ' पर है। साथ ही मंत्रालय/विभागवार समीक्षा के मुख्य बिंदु इस प्रकार है:-

13.1 अंतरिक्ष विभाग

अंतरिक्ष विभाग के विशेष कार्य अधिकारी ने अपने विभाग की समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की और राजभाषा विभाग के सुझावों को नोट कर पूर्ण करने संबंधी आश्वासन दिया। विभाग के अधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि अंतरिक्ष विभाग ने वर्चुअल माध्यम से संगोष्ठी का आयोजन किया जिसमें देश भर से कुल 108 शोध पत्र पढ़े गए। तिमाही को भरवाने की दिशा में विभाग द्वारा प्रयास किया जा रहा है और विभाग की द्विभाषी वेबसाइट को अद्यतित करने के साथ साथ हिंदी टैब बनाने का आश्वासन दिया। साथ ही खाली पदों को भरने हेतु प्रयास किया जा रहा है, जिसके लिए कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी हेतु विज्ञापन दिया गया है और टंकक के रिक्त पदों को भरने के लिए विज्ञापन देने की तैयारी है। अंतरिक्ष विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है।

13.2 अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अधिकारी ने अपने मंत्रालय की समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की। मंत्रालय के प्रतिनिधि ने बताया की मंत्रालय का कार्य लाभकारी योजनाओं पर केन्द्रित है और स्वीकृति पत्र पोर्टल से ही निकलते है जो केवल अंग्रेजी भाषा में है। सभी योजनाओं को पोर्टल पर हिंदी में डाले जाने का प्रयास है विशेष रूप से 'क' और 'ख' क्षेत्र में हालांकि तकनीकी समस्याओं के कारण यह अभी संभव नहीं हो पा रहा परंतु मंत्रालय द्वारा इस दिशा में प्रयास किये जा रहा है। अधिकारी ने सूचित किया कि नए सत्र से सारे स्वीकृति पत्र हिंदी में अनूदित करेंगे। साथ ही आंकड़ों को लक्ष्य तक पहुंचाने का भी आश्वासन दिया। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है।

13.3 आयुष मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी द्वारा आश्वासन दिया कि पत्राचार के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करेंगे। वेबसाइट के संबंध में प्रतिनिधि ने बताया की वेबसाइट के दो यू.आर.एल. है, एक वेबसाइट पर बोझ बढ़ जाने के कारण दूसरी वेबसाइट भी प्रयोग में लाई जाती है जिसे हिंदी भाषा में अद्यतित रखने का प्रयास किया जाता है। साथ ही सलाहकार समिति के विषय में मंत्रालय के अधिकारी ने सूचित किया की गठन प्रक्रियाधीन है।

13.4 आर्थिक कार्य विभाग

विभाग के अधिकारी ने बताया की क, ख, ग क्षेत्र में पत्राचार के कम प्रतिशत की समीक्षा की जाएगी तथा पत्राचार के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। उनके मंत्रालय में रिक्त पदों की जो स्थिति है, उसके विषय में अवगत कराया। साथ ही यह भी बताया गया कि सेबी (बोर्ड) आर्थिक कार्य विभाग के अंतर्गत है जो स्वयं को भारत सरकार का कार्यालय नहीं मानता जबकि अधिसूचित विभाग से करवाने की चेष्टा है। उपस्थित अधिकारी ने रिक्त पदों के संबंध में

जानकारी दी। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है तथा इस माह संकल्प जारी करने की सूचना दी। विभाग के अधिकारी ने आर्थिक मामलों पर मार्च के बाद संगोष्ठी का आयोजन करने की बात कही।

13.5 आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय

आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के अधिकारी ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ो पर सहमति व्यक्त की तथा उन्होंने बताया कि मंत्रालय में हिंदी के कुछ पद खाली हैं जिसके कारण कार्य लंबित हो जाता है तथा पत्राचार लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाता। उन्होंने आगे बताया कि हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है। वेबसाइट के विषय में अधिकारी ने सूचित किया कि वेबसाइट की सभी त्रुटियों को ठीक करने हेतु निर्देश जारी किये जायेंगे।

13.6 इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की और बताया कि हिंदी में पत्राचार बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। साथ ही उपस्थित अधिकारी ने हिंदी जानने वाले उच्च अधिकारियों के संबंध में संशोधित आंकड़े भेजने का आश्वासन दिया। मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। अधिकारी ने कहा चूंकि मंत्रालय का कार्य तकनीकी प्रकृति का है इसलिए पत्राचार में बढ़ोत्तरी धीरे-धीरे होगी। क्लिष्ट शब्दों को सरलीकृत करने का प्रयास कर रहे हैं। वेबसाइट के विषय में उपस्थित अधिकारी ने बताया कि विदेशी यूजर होने के कारण वेबसाइट अंग्रेजी में है जिसे अद्यतित करने का प्रयास निरंतर चल रहा है। संयुक्त सचिव ने बताया की उनके मंत्रालय में टेक्नोलॉजी खंड है जिसने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर काफी कार्य किया है तथा वे एक रिपोर्ट राजभाषा विभाग को भी भेज रहे हैं। इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है।

13.7 इस्पात मंत्रालय

मंत्रालय से उपस्थित अधिकारी ने पत्राचार के आंकड़ों में दर्शायी गई कमी पर सहमति व्यक्त की। प्रतिनिधि ने बताया कि टंकण से सम्बंधित आंकड़ों में त्रुटि है, जबकि मंत्रालय के रिकॉर्ड में सही आंकडें दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रालय में प्रत्येक शुक्रवार को एक परंपरा शुरू की गयी है जिसमें हिंदी अनुभाग के अधिकारी प्रत्येक अनुभाग में जाकर हिंदी में काम करने हेतु अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हैं। इसी के साथ अधिकारी ने सूचित किया कि कोई भी अनुभाग यदि अनुवाद कार्य करता है तो NIC पर स्वयं अपलोड करा सकता है। मंत्रालय की वेबसाइट द्विभाषी है। मंत्रालय द्वारा कार्यशालाएं/ संगोष्ठियाँ राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गयी हैं। कोविड महामारी के कारण इस्पात मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति की 01 बैठक हो चुकी है।

13.8 उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय से उपस्थित अधिकारी ने समीक्षा रिपोर्ट में दिखाए गये आंकड़ों पर सहमति व्यक्त की। अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय का ज्यादातर पत्राचार 'ग' क्षेत्र यानि उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के राज्यों के साथ ही होता है जिसके कारण मंत्रायल पत्राचार में निर्धारित लक्ष्यों से पीछे है। भविष्य में पत्राचार को बढ़ाने हेतु आश्वासन दिया गया। उपस्थित अधिकारी ने बताया कि एन.आई.सी. की बैठक में मंत्री जी द्वारा हिंदी भाषा को कार्यसाधक बनाने पर लगातार ज़ोर दिया जाता है, जिससे मुख्य धारा के साथ सभी लोग सम्मिलित हो सकें। मंत्रालय के अधिकारी ने रिक्त हिंदी पदों के संबंध में भी जानकारी दी। उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है।

13.9 उपभोक्ता मामले विभाग

उपभोक्ता मामले विभाग की चारों तिमाही की **रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है।** उपस्थित अधिकारी ने बताया कि कार्यान्वयन के कार्य से बहुत परिचित नहीं है। समयानुसार कार्य को सीखने का भरसक प्रयास कर रहे हैं तथा तिमाही रिपोर्ट अपलोड करने का आश्वासन दिया। अधिकारी ने सभी कमियों को सुधारने का आश्वासन दिया। अधिकारी द्वारा विभाग के रिक्त पदों की जानकारी दी गई । उपभोक्ता मामले विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन किया जा चुका है।

13.10 उर्वरक विभाग

उर्वरक विभाग के अधिकारी ने अपने विभाग की समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा आश्वासन दिया की पत्राचार के लक्ष्यों को प्राप्त करने का भरसक प्रयास करेंगें। तकनीकी प्रवृति का कार्य होने के कारण लक्ष्य प्राप्त नहीं हो सके परन्तु पिछले एक वर्ष में थोड़ी प्रगति हुई है। उर्वरक विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है।

13.11 उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग

उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग से आए प्रतिनिधि ने समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा विभाग के हिंदी कार्य संबंधित प्रतिशत को लक्ष्य के अनुरूप बना कर रखने का आश्वासन दिया। अधिकारी ने जानकारी दी कि विभाग में सारा कार्य ई-ऑफिस में किया जाता है तथा पखवाड़ों का आयोजन भी ऑनलाइन किया जाता है। वेबसाइट के विषय में अधिकारी ने बताया कि विभाग अपनी वेबसाइट का पाक्षिक निरीक्षण करता है तथा अद्यतित करने का प्रयास भी निरंतर करते हैं। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन किया जायेगा।

13.12 औषध विभाग

औषध विभाग के अधिकारी ने अपने विभाग की समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया की सचिव, औषध विभाग ने भी ज्यादातर कार्य हिंदी में करने के आदेश दिए हैं। उन्होंने हिंदी पत्राचार बढ़ाने के लिए प्रयास करने का आश्वासन दिया। टंककों के विषय पर प्रतिनिधि ने जानकारी दी कि ज्यादातर टंकक ठेके पर नियुक्त हैं जिन्हें हिंदी में कार्य करने हेतु प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वेबसाइट को भी अद्यतित करने का हेतु औषध विभाग ने NIC को संपर्क करने का आश्वासन दिया है। औषध विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है।

13.13 कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

विभाग के प्रतिनिधि ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति जताई तथा पत्राचार में आई कमी के विषय में बताया कि कोविड महामारी के कारण उनके विभाग के ज्यादातर अधिकारी/कर्मचारी घर से ही कार्य का निष्पादन कर रहे थे। जून, सितम्बर और दिसंबर की तिमाही में सुधार आया है। वेबसाइट के विषय में अधिकारी ने जानकारी दी है कि अनुदित सामग्री को पूसा कार्यालय भेजकर वेबसाइट को अद्यतित करवाया जायेगा तथा राजभाषा विभाग को जानकारी भेजी जाएगी। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है।

13.14 कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग के अधिकारी ने अपने विभाग की समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की। विभाग के अधिकारी ने पत्राचार के प्रतिशत को बढ़ाने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि राजभाषा विभाग द्वारा इस विभाग को कीर्ति पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। अधिकारी ने अवगत करवाया कि उनके विभाग की वेबसाइट में कुछ समस्या है जिसके लिए NIC से संपर्क किया जायेगा। साथ ही अधिकारी ने बताया कि वेबसाइट के द्विभाषीकरण हेतु अनुबंध के आधार पर अनुवादक रखने पर भी विचार किया गया परंतु टेंडर के अंतर्गत ऊंची दर के कारण अनुवादक नहीं रख सके। रिक्त पदों के संबंध में भी जानकारी दी गई। कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है।

13.15 कारपोरेट कार्य मंत्रालय

कारपोरेट कार्य मंत्रालय के पत्राचार को सचिव द्वारा सराहा गया। उपस्थित अधिकारी ने रिक्त पदों के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें नियमित पदों द्वारा भरने का निवेदन किया। निदेशक (प्रशासन), राजभाषा विभाग द्वारा आरटीआई के संबंध में जवाब भेजने तथा शिकायत का निवारण करने को कहा गया है। कारपोरेट कार्य मंत्रालय हिंदी सलाहकार समिति का गठन प्रक्रियाधीन है।

13.16 कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा पत्राचार के प्रतिशत को बढ़ाने का आश्वासन दिया। विभाग की वेबसाइट को पूर्णतः द्विभाषी बनाने हेतु निरंतर प्रयास किया जा रहा है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुर्नगठन हो गया है। समिति की 01 बैठक संपन्न हो चुकी है।

13.17 कोयला मंत्रालय

कोयला मंत्रालय ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की और लक्ष्य प्राप्ति की ओर प्रयास जारी रखने का आश्वासन दिया। अधिकारी के वेबसाइट को जल्दी ही अद्यतित करने का आश्वासन दिया। कोयला मंत्रालय ने हिंदी सलाहकार समिति की बैठकें जल्दी ही संपन्न की जाएँगी।

13.18 खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के अधिकारी ने समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा बताया कि कोविड के कारण विभाग के पत्राचार का प्रतिशत कम रहा। विभाग की वेबसाइट हिंदी में खुलती है। विभाग के अधिकारी ने रिक्त पदों को भरने हेतु निवेदन किया है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुर्नगठन हो चुका है तथा समिति की बैठक होने वाली है।

13.19 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी ने समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा जानकारी दी कि तकनीकी प्रकृति का कार्य होने के कारण पत्राचार का प्रतिशत कम है जिसे भविष्य में बढ़ाने का प्रयास करेंगे। अधिकारी ने आंकड़ो को संशोधित करने की भी बात कही। वेबसाइट के विषय में उन्होंने बताया कि वेबसाइट संबंधी सूचनाओं को संशोधन के उपरांत वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि उनके मंत्रालय में हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन हो चुका है।

13.20 उच्चतर शिक्षा विभाग (शिक्षा मंत्रालय)

मंत्रालय के अधिकारी ने समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा जानकारी दी कि तकनीकी ख़राबी के कारण तिमाही प्रगति रिपोर्ट अपलोड नहीं कर सके। दिसंबर की तिमाही ऑनलाईन माध्यम से भेजने का आश्वासन दिया। वेबसाइट को भी क्रमवार ठीक करने की बात कही। मंत्रालय के अधिकारी ने जानकारी दी कि स्कूल शिक्षा तथा उच्चतर शिक्षा विभाग को दस्तावेज़ अद्यतित करने के लिए भेजा है, जिसके उपरांत उन सभी दस्तावेजों का अनुवाद किया जायेगा और वेबसाइट पर भी

अपलोड करवाने का आश्वासन दिया। रिक्त पदों के संबंध में भी अधिकारी ने निवेदन किया है कि नियमित पदों से भर दिया जाये। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है।

13.21 खान मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी ने समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा अधिकारी ने आंकड़ों की विसंगतियों को ठीक करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने सूचित किया कि वेबसाइट को अद्यतित करने का कार्य चल रहा है तथा सभी सूचनाएं हिंदी में उपलब्ध होंगी। सभी टेंडर द्विभाषी रूप से निकाले जाते है। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो चुका है।

13.22 ग्रामीण विकास विभाग

विभाग के अधिकारी ने समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा अधिकारी ने आंकड़ों की विसंगतियों को ठीक करने का आश्वासन दिया। साथ ही अधिकारी ने सूचित किया कि तिमाही प्रगति रिपोर्ट में दर्शाए गए पत्राचार की प्रतिशतता के संबंध में संसदीय राजभाषा समिति का निरीक्षण हुआ था जिसमें अधिकारियों को हिंदी में पत्राचार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया था। वेबसाइट के संबंध में अधिकारी ने बताया कि वेबसाइट को अद्यतित करने का कार्य एन.आई.सी. के स्तर पर लंबित है। अधिकारी ने रिक्त पदों को भरने का भी निवेदन किया है। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है।

13.23 गृह मंत्रालय

गृह मंत्रालय के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर अपनी सहमति व्यक्त की तथा तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आंकड़ों में पत्राचार के लक्ष्यों से पीछे होने के विषय में बताया कि हमारे यहाँ प्रदर्शित आंकड़ों से ज़्यादा काम होता है। वेबसाइट के विषय में उन्होंने बताया कि वे जल्द ही एन.आई.सी. से बैठक कर वेबसाइट को अद्यतित करवाएंगे। गृह मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है। समिति की बैठक दिनांक 20/10/2021 को गृह राज्य मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित की जा चुकी है।

13.24 जनजातीय कार्य मंत्रालय

मंत्रालय के प्रतिनिधि द्वारा आंकड़ों में कमी के बारे में बताया गया कि हिंदी में कार्य तो बहुत होता है परन्तु आंकड़े ठीक से भरे नहीं गए, भविष्य में ठीक करने का आश्वासन दिया। विभाग के अधिकारी ने बताया कि वेबसाइट को हिंदी में अद्यतित करवाने हेतु जल्द ही एन.आई.सी. से सम्पर्क करेंगे। मंत्रालय के अधिकारी ने रिक्त पदों को भरने हेतु निवेदन किया। हिंदी सलाहकार समिति का गठन हो गया है।

13.25 जल संसाधन मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी ने आंकड़ों की विसंगति को ठीक करने का आश्वासन दिया तथा इस संबंध में एक आंतरिक बैठक करने की बात कही साथ ही यह भी बताया कि 8 से 10 अनुभाग रिपोर्ट नहीं भेजते है जिसके कारण पत्राचार का प्रतिशत लक्ष्य से कम हैं। उन्होंने कहा कि हिंदी में काम करने वाले आशुलिपिकों की प्रतिशतता को बढ़ाने का प्रयास करेंगे। अधिकारी ने वेबसाइट के संबंध में जानकारी दी कि वेबसाइट को भी अद्यतित करने का प्रयास करेंगे। जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है तथा बैठकें प्रस्तावित हैं।

13.26 डाक विभाग

डाक विभाग के अधिकारी ने समीक्षा रिपोर्ट पर अपनी सहमति व्यक्त की तथा विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग के सभी उच्च अधिकारी पूरा काम हिंदी में करते हैं। विभाग को पुरस्कृत भी किया गया है। अधिकारी ने वेबसाइट को जल्द ही द्विभाषी रूप से अद्यतित करने का आश्वासन दिया। डाक विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

13.27 दूरसंचार विभाग

दूरसंचार विभाग की चौथी तिमाही की रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष के आंकड़ें भी बेहतर नहीं है। विभाग के अधिकारी ने बताया कि तकनीकी विभाग होने के कारण टिप्पणी हिंदी में करना संभव नहीं है। उन्होंने रिक्त पदों को भरने का निवेदन भी किया। वेबसाइट को भी जल्द ही अद्यतित करने का आश्वासन दिया। दूरसंचार विभाग की हिंदी सलाहकार समिति के पुनर्गठन का प्रस्ताव भेज दिया गया है।

13.28 दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

विभाग के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा 1976 के नियम 5 के उल्लंघन की बात को स्वीकार किया। अधिकारी ने इन सभी विसंगतियों को आगामी तिमाही में दूर करने का आश्वासन दिया। साथ ही वेबसाइट की कमियों को भी ठीक करने का आश्वासन दिया। अधिकारी ने रिक्त पदों को भरने का निवेदन किया है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

13.29 न्याय विभाग

विभाग के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा आश्वासन दिया कि आंकड़ें और बेहतर करेंगे। अधिकारी ने बताया की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की त्रुटियों को जल्द ही ठीक करेंगे। अधिकारी ने सूचित किया कि विभाग की नई वेबसाइट बन रही है तथा सिटिजन चार्टर पर भी कार्य किया जा रहा है। जल्द ही वेबसाइट को अद्यतित करने का प्रयास करेंगे। हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है।

13.30 नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा बताया कि वैज्ञानिक प्रकृति का कार्य होने के कारण आंकड़ें पत्राचार के लक्ष्यों से कम हैं। अधिकारी द्वारा जल्दी ही लक्ष्यों को बेहतर करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही अधिकारी ने वेबसाइट की कमियों को सुधारने का आश्वासन भी दिया। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

13.31 वस्त्र मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा 'ग' क्षेत्र में पत्राचार में कमी की बात को स्वीकार किया। अधिकारी ने बताया कि वे अनुभागों का निरीक्षण करेंगे और आंकड़े बेहतर करने का प्रयास करेंगे। वेबसाइट की सभी त्रुटियों को ठीक करने का आश्वासन भी दिया तथा यह भी बताया कि एन.आई.सी. के स्तर पर सूचनाओं को अपलोड करने का कार्य लंबित है। तकनीकी परामार्शदाता,एन.आई.सी. राजभाषा विभाग ने कहा कि अधिकारियों से निजी संपर्क करें तथा निरीक्षण के लिए ऑनलाइन प्रोफार्मा बनाएं। वस्त्र मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है।

13.32 नागर विमानन मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के कारण कार्यालय से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा घर से ही कार्य किया गया जिसके कारण आंकड़ों में कमी आई। अधिकारी ने कहा कि उनका मंत्रालय राजभाषा विभाग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आंकड़ों को और बेहतर करेंगे। वेबसाइट के विषय में अधिकारी ने सूचित किया कि नई वेबसाइट बनने की दिशा में कार्यरत है। उल्लेखनीय है कि मंत्रालय में हर बुधवार हिंदी में कार्य करने के लिए हिंदी दिवस जैसा कार्यक्रम किया जाता है, जिस दिन मंत्रालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी अपना कार्य करते है। इसके लिए एक स्लोगन भी दिया गया 'आज मैं हिंदी में काम करूंगा/करूंगी। अधिकारी ने यह भी बताया कि मंत्रालय में नागर विमानन से संबंधित शब्दावली है जिसे वे राजभाषा विभाग के साथ साझा करेंगे। नागर विमानन मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

13.33 निवेश और लोक परिसंपत्ति विभाग

विभाग के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा उन्होंने बताया की कोरोना महामारी के कारण कार्यालय से संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा घर से ही कार्य किया गया जिसके आंकड़ों में कमी आई। विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि कोरोना की वजह से आंकड़ों

में कमी है। विभाग के अधिकारी ने आंकड़ों को सुधारने का आश्वासन दिया। निवेश और लोक परिसंपत्ति विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन होना बाकी है।

संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा वेबसाइट को अद्यतित करने के लिए कहा गया।

13.34 नीति आयोग

आयोग के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा नियम 5 के उल्लंघन को स्वीकार किया। अधिकारी ने बताया कि आयोग में पचास प्रतिशत अधिकारी ठेके पर रखे गए हैं, जिस वजह से आंकड़ों में कमी है। आयोग द्वारा कार्यशालाओं के माध्यम से अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी में कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। नीति आयोग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन नहीं किया गया है।

संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा वेबसाइट को अद्यतित करने के लिए कहा गया।

13.35 पंचायती राज मंत्रालय

पंचायती राज मंत्रालय के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर अपनी सहमति व्यक्त की तथा आश्वासन दिया कि आंकड़ों में दर्शायी गई कमी को बेहतर करने का प्रयास करेंगे। अधिकारी ने वेबसाइट को अद्यतित करने का आश्वासन दिया। पंचायती राज मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा वेबसाइट को अद्यतित करने के लिए कहा गया।

13.36 पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी ने अपनी समीक्षा रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की तथा आंकड़ें को बेहतर करने का आश्वासन दिया। अधिकारी ने वेबसाइट के नवीनीकरण के विषय में जानकारी दी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है तथा इस संबंध में मंत्रालय द्वारा संकल्प जारी किया जाना है।

संयुक्त सचिव ने वेबसाइट को अद्यतित करने की बात कही और की गयी कार्रवाई से राजभाषा विभाग को एक महीने में सूचना भेजने को कहा।

13.37 पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

मंत्रालय में हिंदी पत्राचार की प्रतिशतता सराहनीय है। मंत्रालय को वर्ष 2019-20 में कीर्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। अधिकारी ने बताया कि मंत्रालय से विभिन्न प्रकार की मासिक पत्रिकाएं प्रकाशित होती हैं जैसे मौसम-मंजूषा, जन-जन के लिए विज्ञान, भारत-भारती। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

13.38 पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय

मंत्रालय के अधिकारी ने आंकड़ों में आई कमी पर अपनी सहमति व्यक्त की तथा बताया कि कोरोना महामारी की वजह से आंकड़े पत्राचार के लक्ष्य से कम हैं। अधिकारी ने आश्वासन दिया कि आंकड़ें और बेहतर करने का प्रयास करेंगे। साथ ही वेबसाइट की त्रुटियों को तथा वेबसाइट को अद्यतित करने का आश्वासन दिया। अधिकारी ने रिक्त पदों को भरने का भी निवेदन किया, जिसपर निदेशक (कार्यान्वयन) ने प्रस्ताव बनाकर भेजने के लिए कहा। पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन नहीं हुआ है।

संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा वेबसाइट को अद्यतित करने तथा समिति का पुनर्गठन करने के लिए कहा गया।

13.39 परमाणु ऊर्जा विभाग

विभाग के अधिकारी ने बताया कि वैज्ञानिक प्रकृति का कार्य होने के कारण आंकड़ों में कमी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आंकड़ें और बेहतर करेंगे। विभाग के अधिकारी ने जानकारी दी कि विभाग में आयोजित सम्मेलनों में वैज्ञानिक हिंदी में बोलते हैं। संयुक्त सचिव ने कहा कि आप अपने यहां कार्यशाला करें जिसमें राजभाषा से संबंधित स्टॉल या प्रदर्शनी लगाएं और संगोष्ठी का आयोजन कर राजभाषा विभाग के अधिकारियों को भी आमंत्रित करें। परमाणु ऊर्जा विभाग की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग द्वारा वेबसाइट को अद्यतित करने के लिए भी कहा।

13.40 पर्यटन मंत्रालय

तिमाही रिपोर्ट में दर्शाए गए हिंदी जानने वाले उच्च अधिकारियों से संबंधित मद संख्या 09 के आंकड़ों में विसंगति पायी गई जिसे संशोधित करने का आश्वासन अधिकारी द्वारा दिया गया। वेबसाइट को और बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। बैठक में दूसरे मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि ई-ऑफिस तथा सोशल साइट्स पर हिंदी में किए गए कार्य या भेजे गए संदेश को हिंदी में गणना की जानी चाहिए। पर्यटन मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का पुनर्गठन हो गया है।

